-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.02.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति-5.O अभियान के क्रम में थाना बिसण्डा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्राम पवई में माँ-बेटी मेला कार्यक्रम का किया गया आयोजन । कार्यक्रम में छात्राओं/बालिकाओं के माता-पिता के साथ वार्ता कर बच्चियों को पढ़ाने-लिखाने व कम उम्र में शादी न करने के सम्बन्ध में किया गया जागरुक ।**

विवरण- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.O अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 11.02.2025 को थाना बिसण्डा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा पी.एम. श्री प्राथमिक विद्यालय ग्राम पवई में माँ-बेटी मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम मे महिलाओं/छात्राओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम में छात्राओं/बालिकाओं के माता-पिता से वार्ता कर उनकी कम उम्र मे शादी न करने व बच्चियों को पढ़ाकर आगे बढाने के लिए भी जागरूक किया गया तथा शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई । इस दौरान स्कूल मे छात्राओं द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रमों व गीतों के माध्यम से साक्षरता को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम के दौरान स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुये भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया गया । इस दौरान महिला उपनिरीक्षक काजल देवी, मुख्य आरक्षी रामलाल, महिला आरक्षी प्रियंका यादव, सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक/शिक्षिका मौजूद रही ।